चैम्पियनस आफ़ चेंज २०२० अवार्ड में शीर्ष राजनैतिक , सिनेमा, व्यवसायी समाजसेवी सम्मानित

गोआ। चैंपियंस ऑफ चेंज 2020 के विजेताओं को महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। गोवा के ताज रिज़ॉर्ट एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में ये अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में अवॉर्ड विजेताओं समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। कोरोना जैसी महामारी के दौरान देश और समाज के प्रति जिस सेवा भाव और निष्ठा से इन लोगों ने अपना कर्तव्य निभाया उसके लिए इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

गोवा व महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी "चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड-2020" कार्यक्रम के तीसरी संस्करण के मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के साथ, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (रि.) जस्टिस के जी बालकृष्णन भी मौजूद थे जबकि (रि.) जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुईं।
अवॉर्ड पाने वाले विजेता जो डिजिटल माध्यम से इस अवॉर्ड समारोह में शामिल हुए उनमें बीजेपी सांसद सुश्री हेमा मालिनी, श्री शत्रुघ्न सिन्हा, सुश्री सुष्मिता सेन, श्री एम के स्टालिन, स्वामी चिदानंद सरस्वती शामिल हैं।

मुख्य अतिथि महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को साधुवाद देते हुए कहा "इतिहास ने सदा ही कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों को जन्म दिया है जो वास्तव में एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के प्रशंसनीय विचारों के साथ बदलाव लाने में सफल होते हैं। और चैंपियन्स ऑफ चेन्ज इस राष्ट्रीय प्रेरणा का आयोजक बना है जिसने न केवल परिवर्तन लाने में सफल कर्मयोगियों का सम्मान किया है अपितु भविष्य में भी इस तरह के मनीषियों के लिये सफलता की प्रेरणा का माध्यम भी बना है।

अपने प्रयासों के लिए मिले इस प्रोत्साहन पर मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं उनको आगे बढ़ानी वाली शक्ति करुणा और दया भाव है न किसी किसी तरह की प्रसिद्धि पाने की इच्छा, चैंपियन्स ऑफ चेन्ज अवॉर्ड जैसा सम्मान इन लोगों को और प्रोत्साहित करता है

केंद्रिय आयुष मंत्री श्री श्रीपद नाइक ने कहा कि चैंपियन्स ऑफ चेंज अवॉर्ड हमेशा से समाज के हित में काम करने वालों लोगों को प्रोत्साहित करता आया है, और आज जब कोरोना जैसी महामारी पूरी विश्व के लिए चुनौती बन गई है, जिन लोगों ने लोगों की सेवा करने का बीड़ा उठाया उनका सम्मान ऐसे और कई लोगों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने का अनुरोध भी किया।

इस अवसर पर चैम्पियनस आफ़ चेंज अवार्ड के आयोजक और आयएफआयइ संस्था के चेयरमैन श्री नंदन झा ने कहाकि वैश्विक महामारी के चलते हमने चैम्पियनस आफ़ चेंज २०२० संस्करण के आयोजन में कई चुनौतियों का सामना किया। महामहिम राज्यपाल श्री भगत सिंह कौशियारी, मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, गायक सोनू निगम साहित अन्य राजनैतिक, सामजिक और विजनेस के शीर्ष व्यक्तित्व की उपस्थिति में यह हमेशा के लिए एक यादगार सफल आयोजन सम्भव हो पाया। हमारी संस्था का

उद्देश्य हैकी सकारात्मक सामजिक बदलाव के अग्रणी राजनेता, समाजसेवी , व्यवसायी को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाए इससे आनेवाली पीढ़िया भी कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित हो।

बॉलीवुड के पार्श्व गायक सोनू निगम ने कहाकि चैम्पियनस आफ़ चेंज यह पुरस्कार हमेशा मेरे लिए बहुत ख़ास रहेगा, पिछ्ले ४५ सालों से मैं गाना गा रहा हूँ कई पुरस्कार मिले हैं लेकिन चैम्पियनस आफ़ चेंज पुरस्कार सिर्फ़ मेरे गानो और बॉलीवुड के साथ ही मेरे सामजिक कल्याण के कार्यों के लिए सम्मानित किया हैं यह एक बहुत ख़ास एहसास हैं जो मुझे भविष्य में भी समाज सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा ।

चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड:

चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड एक राष्ट्रीय पुरस्कार है जो सालाना दिया जाता है। चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड' का उद्देश्य स्वच्छता, सामुदायिक सेवा और सामाजिक विकास (नीति आयोग द्वारा चुने गए भारत के आशावादी जिलों में), गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस अवॉर्ड को मासिक पत्रिका

'पावर कॉरिडोर' और न्यूज वेबसाइट 'पंचायती टाइम्स' आयोजित करते हैं, जो कि 'इंटरएक्टिव फोरम ऑन इंडियन इकोनॉमी' का हिस्सा हैं। ये एक स्वयंसेवी संस्था है जिसके अध्यक्ष श्री नंदन कुमार झा हैं। समाज की बेहतरी के लिए काम करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए श्री नंदन झा ने ही इस अवॉर्ड की पहल की।

चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड' अवॉर्ड सालाना चार श्रेणियों में दिया जाता है-
• भारत में 115 आशावादी जिलों में रचनात्मक कार्य।
• ग्रामीण विकास के लिए शिक्षा, हेल्थकेयर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग।
• स्वच्छ भारत अभियान में उत्कृष्ट योगदान
• भारत के बाहर गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मान
पुरस्कार में एक प्रमाण पत्र और एक स्वर्ण पदक शामिल हैं।

जूरी के सदस्य :
भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और पूर्व अध्यक्ष एनएचआरसी जस्टिस के जी बालाकृष्णन जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा (भारत की पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश), श्री वेद प्रताप वैदिक, वरिष्ठ पत्रकार शामिल हैं

इस अवॉर्ड का पहला संस्करण "चैंपियंस ऑफ़ चेंज अवार्ड्स 2018"विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ जिसमें भारत के माननीय उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पुरस्कार वितरित किए। वर्ष 2018 के पुरस्कार विजेता थे : मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, रितु जायसवाल, डॉ. श्रीनुबाबू गेडेला, एसपी चम्बा डॉ. मोनिका, इत्यादि
दूसरा संस्करण "चैंपियंस ऑफ चेंज 2019" विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसके मुख्य अतिथि भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न, स्व. श्री प्रणव मुखर्जी थे। पुरस्कार विजेताओं में श्री हेमंत सोरेन (मुख्यमंत्री,झारखंड), श्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय राज्यमंत्री वित्त एवं कॉर्पोरेट मामले, श्री मनीष सिसोदिया (उपमुख्यमंत्री, दिल्ली), श्रीमती शिल्पा शेट्टी कुंद्रा (फिल्म अभिनेत्री), श्रीमती दीपा वेंकट शामिल थे।

संपर्क
Ashwani Shukla
Altair Media
9892236954